## जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद सम्भल) के अन्तर्गत जनपद सम्भल में दिनांक 22–05–2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 22.05.2026 को जनपद सम्भल में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

1. श्री चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।
2. श्री चर्चित चौधरी(SWSM)/श्री दिनेश कुमार, सहायक अभियन्त, खण्ड कार्यालय उ.प्र. जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।
3. श्री प्रमोद शर्मा, क्यू.सी., टी.पी.आई. सम्भल।
4. श्री अभिषेक सिंह, फर्म प्रतिनिधि मै. पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल–जेवी, मुरादाबाद।
5. श्री फैजान फारूकी, फर्म प्रतिनिधि मै. एल.सी.इन्फ्रा, अहमदाबाद।
6. श्री आशीश कुमार, डी.सी., डी.पी.एम.यू.।
7. श्रीमती प्रीती गौतम, जू.इं./श्री धर्मवीर गौतम जू.इं0/श्री रविन्द्र सिंह, जू.इं.।
8. श्री जितेन्द्र कुमार, लघु सिंचाई विभाग, सम्भल।

वर्तमान समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–

1– **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**
**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 280 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 185 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 185 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 185 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- दिनांक 22.05.2026 तक 1478 कि0मी0 के सापेक्ष 1453.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य 25 जून, 2026 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान में 101735 के सापेक्ष 96084 गृह जल संयोजन किये गये हैं। अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य 25 जून, 2026 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान में 187 OHT के सापेक्ष 81 नग OHT Complete व 104 नग पर कार्य प्रगति पर हैं। वर्तमान तक 55 नग OHT 75–99 प्रतिशत प्रगति की श्रेणी में हैं।
- वर्तमान में 170 पम्प हाउस पूर्ण व 15 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर हैं।
- दिनांक 22.05.2026 तक 148 सोलर पैनल अधिष्ठापित किये गये व 04 पर कार्य प्रगति पर था।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि 25 जून, 2026 तक प्रत्येक दशा में समस्त ग्रामों की समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये व ओ.एच.टी. पूर्ण होने की दशा में टेस्टिंग करके क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with CamScanner

– **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**
**मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0**

- फर्म को आवंटित 15 नग राजस्व ग्राम, 10 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- 165.00 कि0मी0 के सापेक्ष 163.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य 25 जून, 2026 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- 10385 नग के सापेक्ष 10340 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 03 नग ओ.एच.टी. पूर्ण व 03 नग ओ.एच.टी. के कार्य प्रगति पर हैं।
- फर्म को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के समस्त कार्य दिनांक 25.06.2026 तक पूर्ण कर लिये जायें व 25 जून, 2026 तक प्रत्येक दशा में समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये।

3– **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 :–**
**मै0 एन0के0जी0–प्राइमस (जे0वी0) न्यू देहली :–**

- फर्म का कोई भी प्रतिनिधि /पी.एम. बैठक में उपस्थित न होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया। आगामी बैठक में फर्म के जी.एम. एवं पी.एम. को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

**सभी फर्मों हेतु Common दिशा–निर्देशः–**

- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधिकतम 25 जून, 2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाये।
- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य अधिकतम दिनांक 25.06.2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाये।
- जिन योजनाओं पर सोलर पैनल अधिष्ठापित किये जा चुके हैं, उन पर सुबह–शाम नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।
- आई0एस0ए0 द्वारा अवशेष गृह जल संयोजन लेने हेतु ग्रामवासियों को जागरूक करें।
- पेयजल योजनाओं पर शिकायत रजिस्टर व पम्प लॉग बुक उपलब्ध रहे।
- योजना के समस्त कार्य समस्त एजेन्सी द्वारा 25.06.2026 तक पूर्ण कर लिये जाये।
- चौपाल में ग्राम में गठित कमेटी की सूची जलकल परिसर में रखी जाये।
- अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य समस्त एजेन्सियों द्वारा शीघ्र पूर्ण कर लिये जाये, ताकि सी0एम0 डेशबोर्ड पर प्रगति में वृद्धि हो सके।
- जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण हैं उन पर ऑटोमेशन को कियाशील करायें, जिससे प्रभावी अनुश्रवण हो सके।
- जिन ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामों में लीकेज होते हैं तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराते हुए पेयजलापूर्ति करायें।
- यदि फर्म द्वारा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध एफ0आई0आर0 करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। यदि सड़क ठीक न होने की दशा में यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिए सम्बन्धित फर्म स्वयं जिम्मेदार होगी।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि नीति आयोग द्वारा चयनित आकाक्षांत्मक विकास खण्डो की पेयजल योजनाओं के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कराकर पेयजलापूर्ति करायें।
- सड़क पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्ता पूवर्क करायें तथा सड़को की गुणवत्ता पर टी.पी.आई. द्वारा विशेष ध्यान दिया जाये।
- जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन के समय टी.पी.आई. व सम्बन्धित जू0इं0 कार्यस्थल पर उपस्थित रहें।
- सड़क पुर्नस्थापित न होने की शिकायत जनप्रतिनिधियों से किये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध एफ0आई0आर0 करा दी जाये।



Scanned with CamScanner

- पूर्ण पेयजल योजनाओं की सूची मा0 जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराते हुए व्यक्तिगत सम्पर्क कर योजनाओं की प्रगति व पूर्ण करने की लक्षित तिथि 31.12.2028 से अवगत करायें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला स्तरीय जांच अधिकारियों से सत्यापन उपरान्त ही सड़क पुर्नस्थापन का भुगतान किया जाये।
- फर्म मै0 पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल. जेवी मुरादाबाद को 2900 नग गृह जल संयोजन एवं मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी को 3600 नग गृह जल संयोजन का कार्य माह जून, 2026 तक पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये, ताकि सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रगति में वृद्धि हो सके।
- अधिशासी अभियन्ता, एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) सम्भल को आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निरतारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 को निर्देश दिये गये कि विवादित भूमि के निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
- जनपद सम्भल में जल स्रोतो की स्थिरता की कार्य योजना का परीक्षणोपरान्त संयुक्त रूप से सहमति व्यक्त करने पर कार्य योजना को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।**

पत्रांक 2450 / ~~बैठक-2~~ कार्यशाला / 50, दिनांक 23/05/26

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
3– मुख्य अभियन्ता महोदय(मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
4– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
5– जिलाधिकारी महोदय सम्भल।
6– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल।
7– समस्त कार्यरत ऐजेन्सी, सम्भल (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित)।
8– पी0एम0 टी0पी0आई0ए0 जनपद मुरादाबाद।
9– डी0सी0 डी0पी0एम0यू0, सम्भल।

अधिशासी अभियन्ता

D/Baithak/2025/SBL/M.M. 14-10-25 PC 2 F

Scanned with CamScanner